## नोएडा एसईजेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30.11.2022 को होने वाली बैठक की कार्यसूची

**मद सं0 1.** पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई की समीक्षा ।

मद सं0 2 जुलाई से सितम्बर, 2022 तिमाही में कार्यालय के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा।

**मद सं0 3.** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय ।

मद सं0 1 और 2 पर कार्रवाई रिपोर्ट: कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 26.07.2022 को आयोजित की गई थी। बैठक में अन्य बातों के साथ यह निर्णय लिया गया था कि-

**(क)** सभी अधिकारीगण अपने-अपने अनुभागों में हिन्दी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे|

**(ख)** अपने-अपने अनुभागों से धारा 3(3) के अन्तर्गत पत्रादि द्विभाषी जारी करेंगे।

जुलाई से सितम्बर, 2022 तिमाही का सभी अनुभागों से प्राप्त हिन्दी तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा में देखा जा सकता है कि फाइलों में हिन्दी नोटिंग के कार्य में सीमाशुल्क, एसईजेड, ईओयू और परियोजना अनुभाग में उल्लेखनीय बढोत्तरी की है। चारो अनुभाग इसके लिए सराहना योग्य है। प्रशासन और सम्पदा अनुभाग में मूल हिन्दी नोटिंग में मामूली कमी आई है |

जहाँ तक अनुभागों से भेजे गए पत्राचार में हिन्दी पत्रों के प्रतिशत का संबंध है सम्पदा अनुभाग को छोड़कर सभी अनुभागों ने वार्षिक राजभाषा लक्ष्य, 2022-23 को ध्यान में रखते हुए अच्छा प्रयास किया है। सम्पदा अनुभाग ने इस तिमाही मे हिंदी मे अच्छा काम करने की बढ़ोत्तरी की है |

मद सं.0 3 पर कार्रवाई रिपोर्ट: समिति के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने-अपने अनुभागों में हिन्दी के प्रयोग में आ रही कठिनाईयों और/अथवा उसमें प्रगति के लिए किए जाने वाले उपायों पर विचार रख सकते है।